पारस जेम्स एंड ज्वैलर्स के बैंक खातों को ''फ्रीज़'' करने का आदेश रद्द किया

राजस्थान हाईकोर्ट ने कस्टम विभाग द्वारा बिना कारण बताए बैंक खाते ''फ्रीज'' करने की कार्रवाई को गैरकानूनी करार दिया

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने पारस जेम्स एंड ज्वैलर्स को राहत देते हुए कस्टम विभाग द्वारा गैरकानूनी तरीके से याचिकाकर्ता के बैंक खातों को ''फ्रीज़'' करने के आदेश को रद्द किया है। मुख्य न्यायाधीश महेन्द्र मोहन श्रीवास्तव और आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश पारस जेम्स एंड ज्वैलर्स द्वारा दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

मामले के तथ्यों के अनुसार पारस जेम्स एंड ज्वैलर्स सोने की खरीद-फरोख्त से जुड़े हैं, लेकिन विदेशों में इनके द्वारा आयात-निर्यात नहीं किया जाता है। परंतु 13 मार्च 2024 को कस्टम विभाग ने इस ग्रुप के मालिक हितेश लोढ़ा के व्यवसायों और आवास पर छापेमारी की और नोटिस जारी किए। इसके बाद 15 मार्च को हितेश के छोटे भाई को भी नोटिस जारी करके पूछताछ के लिए बुलाया गया। करीब एक सप्ताह में 22 मार्च तक दोनों भाईयों ने कस्टम विभाग के समक्ष प्रस्तुत होकर नोटिस का जबाव भी पेश कर दिया था।

■ **अधिवक्ता सिद्धार्थ रांका ने अदालत को बताया कि, इस प्रकरण में कस्टम विभाग को बताना चाहिए था कि हितेश लोढ़ा के बैंक खाते किस कारण से ''फ्रीज'' किए जा रहे हैं, विभाग को क्या अंदेशा था कि इन्हीं बैंक खातों से तथाकथित संदिग्ध लेनदेन किया जा रहा है।**

इसके बाद कस्टम विभाग की ओर से हितेश लोढ़ा और उनके भाई को कोई नोटिस या आदेश नहीं मिला, लेकिन कुछ दिन बाद जब याचिकाकर्ता अपने एक्सिस बैंक खाते से कुछ लेनदेन करने पहुंचे तो उन्हें मालूम चला कि कस्टम विभाग ने उनके बैंक खाते ''फ्रीज'' कर दिए हैं। इसकी पुख्ता जानकारी दोनों भाईयों को उस समय हुई, जब उन्होंने बैंक खातों से लेनदेन नहीं होने की जानकारी बैंक प्रशासन से 7 मई को पत्र लिखकर मांगी। इस पर बैंक प्रशासन ने पत्र का जवाब भेजा कि आपके बैंक खाते गत 14 मार्च से ही ''फ्रीज'' किए हुए हैं। इससे आहत होकर हितेश लोढ़ा ने राजस्थान हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता सिद्धार्थ रांका ने अदालत को बताया कि, सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार किसी भी जांच एजेंसी को अपने आदेश लिखित तौर पर प्रभावित पार्टी को देने होते हैं और इस आदेश में कार्रवाई के सदर्भ में कार्रवाई और उसका कारण साफ-साफ लिखा होना चाहिए। इस प्रकरण में कस्टम विभाग को बताना चाहिए था कि हितेश लोढ़ा के बैंक खाते किस कारण से ''फ्रीज'' किए जा रहे हैं, विभाग को क्या अंदेशा था कि इन्हीं बैंक खातों से तथाकथित संदिग्ध लेनदेन किया जा रहा है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि कस्टम विभाग के वकीलों ने हाईकोर्ट बताया कि, कस्टम विभाग के पास मौजूद रिकॉर्ड और जानकारी के कारण विभाग ने बैंक खाते ''फ्रीज'' करने के आदेश दिए थे, इसके 6 माह बाद 9 सितंबर को ''फ्रीज'' करने के आदेश को आगे बढ़ाया था, जिसमें सभी कारण साफ बताए गए थे।

प्रकरण की सुनवाई करते हुए अदालत ने कस्टम विभाग की ओर से दी गई दलीलों को दरकिनार करते हुए कहा कि, कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि कस्टम विभाग अंतरिम रूप से बिना किसी कारण किसी का बैंक खाता ''फ्रीज'' करे।

उनका कहना था कि यह बिल्कुल ही गैरकानूनी तरीका है कार्रवाई करने का। अदालत ने कहा कि प्राथमिकता पर ही अगर बैंक खाता ''फ्रीज'' करना गैरकानूनी था तो 6 माह बाद उस आदेश की अवधि बढ़ाना भी और ज्यादा गलत था। अदालत ने याचिकाकर्ता को राहत देते हुए उनके बैंक खातों को खोलने के आदेश दिए।

कलेक्टर ने सुनी 241 फरियादियों की समस्याएं

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में गुरुवार को जयपुर कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन हुआ। सांसद मंजू शर्मा सहित विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने 241 परिवादियों के परिवाद सुने, जिनमें से 36 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। अन्य प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए कलक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

जिला स्तरीय जनसुनवाई में कुल 241 प्रकरण प्राप्त हुए जिनमें प्रमुख रूप से अतिक्रमण हटवाने पेंशन शुरू करवाने, छात्रवृत्ति, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने, पेयजल की सप्लाई सुचारू कराने, पत्थरगढ़ी, कृषि भूमि में आवागमन हेतु रास्ता खुलवाने, वृद्धावस्था पेंशन, सड़क, आवासीय पट्टा बनवाने, नामांतरण जमीन विवाद सहित विभिन्न विषयों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आमजन के प्रति जवाबदेही के साथ समस्याओं का निस्तारण करते हुए राहत देने के निर्देश दिए।

गुरु पुष्य नक्षत्र में हुआ प्रथम पूज्य विनायक का अभिषेक

जयपुर। गुरु पुष्य नक्षत्र में गुरुवार को छोटीकाशी के सभी गणेश मंदिरों में गुरु पुष्य नक्षत्र में पुष्याभिषेक हुआ। पंचामृत से प्रथम पूज्य का अभिषेक कर सिंदूरी चोला चढ़ाकर कराकर नवीन पोशाक धारण कराई गई। अथर्वशीर्ष मंत्रों के साथ मोदक अर्पित किए गए।

मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में महंत पं. कैलाश शर्मा ने भगवान गणेश जी महाराज का 151 किलो दूध, 11 किलो दही, 24 घी, 11 किलो बूरा, शहद एवं केवड़ा जल, गुलाब जल, केवड़ा इत्र एवं गुलाब इत्र से अभिषेक किया। गंगाजल, केवड़ा जल, गुलाब जल से अभिषेक कर पंचामृत अभिषेक किया। गंगाजल से शुद्ध स्नान किया गया। भगवान श्री गणपति को सहस्त्रनाम से 1001 मोदक अर्पित किए गए। पूजन के बाद रक्षा सूत्र एवं स्वास्थ्य के लिए हल्दी का प्रसाद वितरण किया गया। शाम को भगवान श्री गणेशजी महाराज को फूल बंगले में विराजमान किया गया।

ब्रह्मपुरी माऊण्ट रोड पर स्थित दाहिनी सूंड दक्षिणमुखी श्री नहर के गणेशजी महाराज के मंदिर में गणपति प्रभु का गुरुवार को पुष्याभिषेक किया गया। मंदिर महंत पं. जय शर्मा ने अभिजित मुहुर्त में प्रथम पूज्य का दूर्वामार्जन से पंचामृत अभिषेक किया। श्री गणपतिअथर्वशीर्ष एवं श्रीगणपति अष्टोत्तरशतनामावली से पंचोपचार पूजा अर्चना की। भक्तजनों के हितार्थ मंगलकामना के साथ गणपति को नवीन साफा और पोशाक धारण करवाई। वैदिक मंत्रों से 21 मोदकों का भोग अर्पित किया। ऋग्वेदोक्त गणपति मात्रिका का पठन किया। शाम को 251 दीपकों से महाआरती की। श्रद्धालुओं को सुख-समृद्धि तथा विघ्न निवारक रक्षासूत्र वितरित किए गए।

मोतीडूंगरी स्थित मंदिर में गुरु पुष्य नक्षत्र में भगवान गणेश का अभिषेक किया गया।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई

जयपुर (कासं)। उत्तर-पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल में गुरुवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में चतुर्थ जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक विकास पुरवार ने दीप प्रज्वलन एवं भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम में ऑल इंडिया रेलवे एससी-एसटी एसोसिएशन के पदाधिकारी तथा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ. हिना अरोड़ा ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन व उनके स्वतंत्रता संग्राम में योगदान तथा आदर्शों पर विचार रखे। डीआरएम विकास पुरवार ने अपने उद्बोधन में कहा भगवान बिरसा मुंडा ने मात्र 25 वर्ष की आयु में बहुत ही विषम परिस्थितियों में रहते हुए लोगों को संगठित कर अंग्रेजों से लोहा लिया तथा सामाजिक परिस्थितियों से ऊपर उठकर देश की स्वतंत्रता के लिए आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की जयंती मनाने का उद्देश्य मुख्य रूप से उनकी कुर्बानियों और अच्छे कार्यों को याद करना तथा उनके आदर्शों और भावनाओं को अपने जीवन में उतारकर परिवार के सदस्यों और समाज को प्रेरित करना है। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में अपर मंडल प्रबंधक संजीव दीक्षित, गौरव गौड़ सभी विभागाध्यक्ष तथा कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

उत्तर-पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल में गुरुवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में चतुर्थ जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया।

बदमाशों ने तोड़ी सोने की चेन

जयपुर। झोटवाड़ा थाना इलाके में बाइक सवार एक बदमाश युवक के गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन तोड़कर ले गया। पुलिस के अनुसार कल्याण कुंज कॉलोनी निवासी कृष्ण कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि वह घर के बाहर खड़ा था इसी दौरान बाइक सवार एक बदमाश आया और उसके गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़कर ले गया। घटना 13 नवम्बर की सुबह करीब 11.30 बजे की है। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

इसी तरह करधनी इलाके में बाइक सवार दो बदमाश एक युवती के हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल छीनकर ले गए। लालचंदपुरा निवासी साक्षी भाखडीवाल ने इस संबंध में मामला दर्ज करवाया है।

''श्रीराम-जानकी विवाह'' के कार्यक्रम देखने उमड़े श्रद्धालु

जयपुर। चांदपोल बाजार स्थित मंदिर श्री रामचन्द्रजी में चल रहे श्री रामजानकी महोत्सव में गुरुवार को कंवर कलेवा, अंगूठी ढूंढना, मिजमानी मनोरथ, जनकपुर से विदाई और अयोध्या में चारों दूल्हा-दुल्हन के स्वागत सत्कार के प्रसंग हुए। महत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि शुक्रवार को अवध में पैसारा महोत्सव मनाया जाएगा।

जनकपुर में कंवर कलेवा से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सुबह से ही नेगचार शुरू कर दिए। सबसे पहले जनकपुर वालों ने लाड़ले जवाई श्री राम जी को भवन में प्रवेश करवाया। वहां चरण धुलवाकर आभूषण पहनाए। सखी-सहेलियों ने खूब हंसी ठिठोली की। फिर द्वार छेकई का कार्यक्रम हुआ। मिथिला की नायन ने भी खूब ठिठोली की। मिथला की नायन हे अति चतुर सयानी...ने प्रसंग को साकार किया। एक चांदी की बड़ी परात में चंदन, केसर मिश्रित जल में कमल, गुलाब के पुष्प के साथ सोने की मुद्रिका रखी गई। दूल्हा-दुल्हन को उस मुद्रिका को ढूंढने की रस्म हुई। पहले 2 बार सियाजी जीती। फिर एक बार श्री राम जीते। शाम को मिजमानी का मनोरथ हुआ। जनकपुर में अपने जवाई श्री राम को मिजमानी में तरह तरह के पकवान खिलाए गए। थे तो जीमो बनासा घेवर... पद के साथ चार तरह की पूरी, 10 प्रकार के हलवे, कई सब्जियां, अचार रायते, मिठाइयां परोसी गई। इसके बाद गारीबाजी का कार्यक्रम हुआ। मिथला पुर वालों ने अयोध्या वालों को पद गायन में गारीबाजी सुनाई। राजा दशरथ की तीन पटरानी, तीनों ही बारा जोबन जोर..., नवरंग गारि गावां जैसे पद गाए गए।

सार-समाचार

750 छात्र-छात्राओं की स्वास्थ्य जांच

जयपुर। सरदार रामसिंह गवर्मेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल पालड़ी मीणा में गुरूवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन फिक्की फ्लो एवं हेल्दी स्माइल्स ग्रुप द्वारा किया गया। शिविर सुबह 9:30 से दोपहर 2 बजे तक लगाया गया, जिसमें स्कूल के सभी 750 छात्र एवं छात्राओं की सम्पूर्ण स्वास्थ्य जाँच की गई। शिविर में बच्चों के डॉक्टर, फिजिशियन, दंत, नेत्र, नाक कान गला आदि रोगों के विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क परामर्श, दवाइयों एवं ओरल हाइजीन किट का वितरण किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि भामाशाह अजीत सिंह, बीजेपी उपाध्यक्ष अजयपाल सिंह एवं रटिंदर कौर रहे, जिन्होंने इस स्कूल का निर्माण अपने पिताजी की स्मृति में किया गया था। शिविर का संचालन फिक्की फ्लो की सदस्य डॉ. जसप्रीत ठक्कर एवं एच.एस.जी. के डॉ.एस.के.जोशी ने किया। फिक्की फ्लो की अध्यक्ष रघुश्री पोद्दार, स्वाति छाबड़ा संयोजक एवं रश्मि सबलावत ने चिकित्सकों का सम्मान किया। इस दौरान हेल्दी स्माइल्स ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. समीर शर्मा, सचिव डॉ. बलविंदर सिंह ठक्कर, उपाध्यक्ष डॉ. निशांत गुप्ता, डॉ. श्वेता, डॉ.सुनील मंगल, डॉ. अरुण शर्मा, डॉ. सलिल कुकरेजा, डॉ. पूर्वी गुप्ता ने अपनी निःशुल्क सेवाएं प्रदान की। स्कूल के प्रिंसिपल बलराम मीना ने सभी डॉक्टर्स को धन्यवाद दिया।

काव्य पाठ में गूंजी वीर रस की रचनाएं

जयपुर। क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता सेनानी केसरी सिंह बारहठ की 152वीं जयंती गुरुवार को मनाई गई। बनीपार्क स्थित श्री करणी चारण छात्रावास में केसरी सिंह बारहठ की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। वहीं, शाम को काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जयपुर प्रांतीय चारण सभा के अध्यक्ष नरेंद्र कविया ने बताया कि काव्य गोष्ठी बनीपार्क स्थित श्री करणी चारण छात्रावास में आयोजित हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि राजवीर सिंह मौजूद रहे। जबकि उमेश देवल, कैलाश दान कविया, डॉक्टर संतोष चारण, अशोक चारण, छैलू चारण छैल, डॉ. केडी चारण, संपत सिंह देवल, प्रदीप सिंह कोट, प्रताप सिंह पालावत ने काव्य पाठ किया। वीर रास की काव्य रचनाओं को सुन कार्यक्रम में मौजूद लोग भावविभोर हो उठे। इस मौके पर मां करणी की विशेष आरती कर अन्नकूट प्रसादी का वितरण भी किया गया।

जालसू में जैविक खेती पर कार्यशाला

जयपुर। कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा के मार्गदर्शन में राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा यूनिवर्सिटी सोशल रिस्पासिबिलिटी के तहत गोद लिये गये गाँव जयरामपुरा पंचायत समिति, जालसू में ''बीजों का प्रमाणीकरण एवं संरक्षण तथा गोभी वर्गीय सब्जियों की जैविक खेती से सम्बंधित कृषि क्रियाएं'' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में बी.एस. गुप्ता, बीज प्रमाणीकरण अधिकारी (सेवानिवृत्ति), पंत कृषि भवन, जयपुर ने बीज प्रमाणीकरण का परिचय, उद्देश्य तथा बीज प्रमाणीकरण प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक समझाया। बीज प्रमाणीकरण प्रक्रिया में बीज उत्पादक कृषक-संस्था का पंजीयन, फसल क्षेत्र निरीक्षण, बीज की प्राप्ति, विधायन कार्य, अनुवांशिक शुद्धता की जांच, पैकिंग तथा प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक समझाया। कृषक कार्यशाला में जैविक खेती एवं प्रमाणीकरण हेतु कृषकों का मार्गदर्शन भी किया गया। जैविक प्रमाणीकरण के विभिन्न चरण जैसे आवेदन अनुबंध, प्रमाणीकरण शुल्क, पंजीकरण, क्षेत्र निरीक्षण (अंकेक्षण) अवहेलना पत्र जारी करना, मूल्यांकन, अवहेलना की पूर्ति, अनुशंसा, प्रमाणीकरण समिति की बैठक, स्कोप प्रमाण पत्र जारी करना, अपील आदि बिंदुओं को समझाया गया। इस अवसर पर डॉ जय सिह, निदेशक, लाईफलॉग लर्निंग विभाग, गाँव के सरपंच पवन कुमार बुनकर, शीशपाल चौधरी, विभाग के कर्मचारी एवं लगभग 60 ग्रामीणवासी आदि उपस्थित रहे।

मैरिज गार्डन से नकदी और जेवरात से भरा बैग चोरी

जयपुर। हरमाड़ा इलाके में मेहमान बनकर मैरिज गार्डन में पहुंचे दो बदमाशों ने गहने-कैश से भरा बैग चोरी हो गया। बदमाशों की यह करतूत मैरिज गार्डन में लगे सीसीटीवी कैमरें में कैद हो गई। पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है। थानाधिकारी उदयभान ने बताया कि कालवाड़ रोड झोटवाड़ा निवासी श्रवण कुमार चौधरी ने मामला दर्ज करवाया कि जयपुर-सीकर हाईवे स्थित मिरेकल मैरिज गार्डन में मंगलवार को उनके बेटे की सगाई समारोह का प्रोग्राम था। सगाई के दौरान रात पौने ग्यारह बजे स्टेज पर प्रोग्राम चल रहा था। स्टेज पर जाने के दौरान उनकी बेटी हाथ में लगा बैग रिश्तेदार महिला के पास रखकर चली गई।

इसी दौरान कुर्सी के पास रखा बैग बदमाश नजर बचाकर चोरी कर ले गए। कुछ देर बाद आकर बैग संभालने पर चोरी होने का पता चला। गहने-कैश का बैग चोरी की सूचना पर हरमाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़िता ने पुलिस को बताया- चोरी गए बैग में 13 लाख रुपए के गहने और 8 हजार रुपए रखे हुए थे। मैरिज गार्डन में लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने पर चोरों की करतूत कैद मिली। स्टेज के सामने कुर्सी पर बैठी रिश्तेदार महिला को बैग संभालने के दौरान ही दोनों बदमाश सक्रिय हो गए। महिला के दोनों साइड बदमाश बैठकर स्टेज का प्रोग्राम देखने लगे। महिला की नजर बचाकर एक बदमाश ने कुर्सी के पास रखा गहने-कैश से भरा बैग पार कर लिया। बैग हाथ लगते ही दोनों बदमाश वहां से उठकर फरार हो गए।

■ **सी.सी.टी.वी. कैमरे में कैद हुई वारदात, पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी**

प्रधान आयकर आयुक्त ने ट्रस्टियों और कर सलाहकारों की समस्याओं को सुना

जयपुर। प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (छूट), नई दिल्ली ने राजस्थान के चैरिटेबल ट्रस्ट के साथ संवाद किया। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने गतिविधियों का प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में लगभग 125 ट्रस्टियों ने तथा 50 कर सलाहकारों ने भाग लिया।

आज आयकर विभाग की तरफ से एक अनूठी पहल की शुरूआत हुई, जिसके तहत् आयकर विभाग ने राजस्थान के विभिन्न शहरों में लोक परमार्थ के लिए काम कर रहे विभिन्न न्यासों तथा संस्थाओं को आमंत्रित किया। जिसके तहत् करीब 125 से अधिक न्यासी/ट्रस्टीगण तथा करीब 50 कर सलाहकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (छूट), नई दिल्ली प्रवीण कुमार, जो कि समस्त भारत के आयकर विभाग (छूट) कार्यालयों के प्रमुख हैं, ने की। कार्यक्रम में आयकर आयुक्त (छूट), जयपुर अनिल भारद्वाज, अपर आयकर आयुक्त (छूट), सुश्री शोभना मीना भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के तहत् करीब 10 न्यासियों ने उनके द्वारा लोकहित में किये जा रहे कार्यक्रमों का संक्षिप्त प्रजेंटेशन दिया, जिसमें अपना घर संस्थान से बी. एम. भारद्वाज, भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति से डॉ. दीपेन्द्र मेहता, नारायण सेवा संस्थान से जितेन्द्र गौड, तरूण भारत संघ से मौलिक सिसोदिया, अनुभूति चैरिटेबल ट्रस्ट से डॉ. मोहनीश ग्रोवर, राजस्थान जनमंच ट्रस्ट से कमल लोचन, स्वामी विवेकानन्द ट्रस्ट से पवन पालीवाल, प्रसंग वशिष्ट चैरिटेबल ट्रस्ट, सुश्री रेणु वशिष्ठ, स्कूलम संस्था से सुश्री मालविका अग्रवाल तथा अन्य लोगों ने प्रस्तुतिकरण दिया। सभा में उपस्थित सभी न्यासियों तथा आयकर विभाग के अधिकारियों ने इन सभी के द्वारा किये जा रहे लोकहित कार्यों को सराहा तथा आयकर विभाग ने इन न्यासियों के द्वारा किये जा रहे लोकहित कार्यों को सरहाते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक स्मृति चिन्ह भेंट किये। कार्यक्रम में आयकर अधिकारियों ने न्यासियों तथा कर सलाहकारों से सुझाव लिए।



■ **कार्यक्रम में करीब 125 ट्रस्टियों तथा 50 कर सलाहकारों ने भाग लिया**

सीवरेज लाइन डालने के बाद रोड कट सही करने के बजाय सड़क का अलाइनमेंट बिगाड़ रहे ठेकेदार और इंजीनियर

जयपुर (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण ने पृथ्वीराज नगर दक्षिण क्षेत्र में सीवरेज लाइनें डालने के बाद जो सड़क बनाई है, उसमें जी.एस.बी. और डब्लूएमएम पूरी तरह डालने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क बनाने का काम इतनी जल्दबाजी में हुआ कि यहां रोड का लेवल ही बिगाड़ा जा रहा है। साथ में सड़क निर्माण में डामर भी कम डाली जा रही है, इस कारण रोड़ी इधर-उधर बिखर रही है।

बताया जा रहा है कि रोड कट को सुधारने में हालत यह है कि दोनों तरफ ढलान की तरफ सड़क का लेवल रोड से एक से डेढ़ इंच ऊपर कर दिया। अब बरसात का पानी फुटपाथ की बजाय डिवाइड की तरफ भरेगा और ड्रेनेज की समस्या रहेगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पृथ्वीराज नगर दक्षिण क्षेत्र में हाल ही में पानी और सीवर की लाइनें डालने का काम हुआ है। इसके लिए सड़कों को उधेड़ दिया गया था। जेडीए के इंजीनियर इन सड़कों को सुधारने के बजाय बिगाड़ने में लगे है।



एम.एन.आई.टी. के एक्सपर्ट के मुताबिक सड़क पर रोड कट को सुधारने के लिए रोड कट में डब्लूएमएम और जीएसबी का भराव सड़क के लेवल से 90 एमएम नीचे होना चाहिए जिससे डीबीएम और बीएम करने के बाद सड़क का लेवल बराबर आ जाए। इसके विपरीत जोन 8 की कॉलोनियों और पीआरएन में जो काम किया जा रहा है। उसमें जीएसबी और डब्लूएमएम करने के बाद सड़क का लेवल ही बराबर में आ रहा है। इसके बाद ऊपर से बिटुमिन कंक्रीट डाली जा रही है जो सड़क के लेवल से एक से डेढ़ इंच ओर इससे भी अधिक ऊपर है।

रिपेयरिंग में डामर की मोटाई 20 एमएम है जबकि यह 40 एमएम होनी चाहिए। साथ ही डब्लूएमएम में डामर भी 3 प्रतिशत के आसपास है। इससे पहले जीएसबी डालने से पहले मिट्टी की खुदाई भी ड्रेढ़ फीट होनी चाहिए जो आधा फीट भी नहीं है। पूरी सड़क को जीएसबी से भरने के बाद यह पूरी तरह सड़क के लेवल में आ गई है। इसके बाद बिटुमिन कंक्रीट डाली जा रही है जो जिससे सड़क से काफी ऊपर है। अब सड़क में लगाई जा रही डामर की मोटाई भी मामूली सी है जिससे सड़क कभी भी बैठ सकती है।

■ **पृथ्वीराज नगर दक्षिण क्षेत्र की कॉलोनियों में सड़क निर्माण में खामियां छोड़ने का मामला**

महापौर कुसुम यादव ने किया औचक निरीक्षण

किशनपोल जोन कार्यालय पहुंचकर व्यवस्थाएं देखी, जांच कमेटी बनाई

जयपुर। नगर निगम हैरिटेज की महापौर कुसुम यादव ने गुरुवार को किशनपोल जोन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर कुसुम यादव ने जोन कर्मचारियों की हाजिरी का निरीक्षण किया। जिसमें गैर हाजिर कर्मचारियों को नोटिस देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जोन इलाके में हो रहे अवैध निर्माणों को लेकर भी अधिकारियों से जवाब तलब किया।

महापौर कुसुम यादव ने बताया कि कई दिनों से किशनपोल जोन क्षेत्र में अवैध निर्माणों को लेकर शिकायत मिल रही थी। ऐसे में गुरुवार को निगम जोन कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान कई अनियमितताएं पाई गई हैं, जिसकी जांच के लिए कमेटी बनाई गई है। जिसमें किशनपोल जोन के पार्षद सहित मुख्यालय अधिकारी जांच कर महापौर के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

निरीक्षण के दौरान पार्षद मनोज मुद्गल, महेंद्र पहाड़िया, मानक शर्मा, जितेंद्र लखवानी और शांति तंवर भी मौजूद रहे।